## खबर संक्षेप

### ज़मीन के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**सतना।** रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र के ग्राम कृष्णगढ़ में जमीनी विवाद में मारपीट का वीडियो सामने आया है। 13 मई को हुई इस घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।सनत कुमार गौतम 52 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी चाची प्रेम गौतम ने सुशीला कुशवाहा से जमीन खरीदी थी। इसी जमीन पर रामकिशोर कुशवाहा,बृजकिशोर कुशवाहा और शिवमोहन कुशवाहा मड़ैया बना रहे थे।

**विरोध करने पर की मारपीट**
सनत कुमार ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज की। तीनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर प्रदीप गौतम,सावित्री गौतम और प्रमोद कुमार गौतम मौके पर पहुंचे। उन्होंने बचाव का प्रयास किया,लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की।टीआई संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### अंधेरगर्दी: सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी फेर कर बेच दिया तालाब!!

**सतना।** राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर कर सरकारी तालाब को बेचने का मामला सामने आया है। बगहा पटवारी हल्का के गढ़िया टोला में स्थित ढाई एकड़ का तालाब बिक्री का मामला तब उजागर हुआ,जब खरीदारों ने तालाब की भटाई शुरू की। वार्ड पार्षद अभिषेक तिवारी और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर काम रुकवाया। पार्षद की शिकायत पर रघुराज नगर तहसीलदार ने पटवारी से जांच रिपोर्ट मांगी है। बगहा पटवारी हल्का में तीन तालाब हैं,जिनमें अभी पानी भरा हुआ है। गढ़िया टोला स्थित इस तालाब की आराजी नंबर 890 है।

**11 में से 4 तालाब पहले ही सरकारी घोषित-** वार्ड क्रमांक 3 बगहा और गढ़िया टोला में कुल 120 एकड़ क्षेत्र में 11 तालाब हैं। पूर्व कलेक्टर अजय कटेसरिया ने इनमें से 4 तालाबों को पहले ही सरकारी घोषित कर दिया था। शेष तालाबों पर भू माफिया की नजर बनी हुई है।

**तहसीलदार ने शुरू की जांच**
सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार वाटर बॉडी की संरचना से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। तहसीलदार सौरभ मिश्रा ने कहा कि शिकायत की जांच की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर आज

**सतना।** विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम एवं कार्यपालन अभियंता द्वारा बताया गया कि जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को जिनके द्वारा वितरण केन्द्र स्तर पर गलत विद्युत देयकों के सुधार अथवा मीटर आदि से संबंधित शिकायते की गई हो एवं उनका निराकरण लंबित हो। ऐसे उपभोक्ताओं के शिकायतो के निराकरण हेतु अध्यक्ष वृत्त स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के द्वारा शिविर का आयोजन 21 मई को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक कार्यालय अधीक्षण अभियंता के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिसमें उपभोक्ता उपस्थित होकर लंबित शिकायतों के निराकरण हेतु अपना अभ्यावेदन 3 प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। उपभोक्ताओं के आवेदनों पर सुनवाई की जाकर प्रकरण को निराकृत किया जायेगा।

### समस्याओं का निराकरण 22 मई को मैहर में

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना 22 मई को प्रातः 11.30 बजे मैहर तहसील प्रांगण में पहुंचेंगे। यहां पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को उनके कल्याणार्थ जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से.नि. कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी द्वारा सभी पूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं से अपील की गई है कि समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण कराये।

### बीडी मजदूरों के हक का पैसा कहां गया

**मैहर।** बीड़ी मजदूरों के हक का पैसा कहां चला गया आज तक पता नहीं चला है आरोप लगाया जा रहा है विभाग के द्वारा इस फाइल को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया है।अतः बीड़ी कामगारों ने जिला कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच कर बीड़ी मजदूरों को पैसा उनको वापस दिलाने की मांग की जा रही है। जानकारी में बताया गया है कि सन 1999, 2000 में 250 आवास मैहर विकास खंड में साथ ही 250आवास नागौद विकास खंड में भी बनाए जाने की स्वीकृत प्राप्त हुई थी। आवास निर्माण हेतु श्रम आयुक्त इंदौर के द्वारा 11 जनवरी 99 को आवास निर्माण हेतु 40 लाख रुपए मैहर 40 लाख रुपए नागौद विकास खंड के लिए स्वीकृत किए गए।

# महाराष्ट्र में काम करने गए युवक की संदिग्ध मौत, लाश लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची पत्नी







### ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही और मुआवजा की मांग

सतना के युवक की महाराष्ट्र में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मंगलवार को मृतक के परिजन लाश लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुंबई में कार्यरत कंपनी के संचालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए मुआवजे की गुहार भी लगाई।

हरिभूमि न्यूज, सतना।

आपको बता दें कि रघुराजनगर तहसील अंतर्गत ग्राम करहीकोठार पोस्ट बगहा निवासी श्रीमती रीना विश्वकर्मा पत्नी स्व.आशीष कुमार विश्वकर्मा ने परिजनों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में जलगांव महाराष्ट्र की कंपनी अक्षय पोलो के ठेकेदार राजेश मिश्रा निवासी प्रयागराज उ.प्र. के खिलाफ कार्यवाही करते हुये मुआवजा दिलाये जाने की मांग की गयी है। परिजन मृत श्रमिक का शव एम्बुलेंस में लेकर ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट के मैन गेट तक पहुंचे थे। फरियादिया ने अपने आवेदन में बताया है कि उनका पति सन 2007 से लगातार फैक्ट्री में कार्यरत रहा। पीड़िता ने बताया कि 19 मई 2025 को दोपहर ढाई बजे उनकी अचानक मृत्यु हो गयी। रीना विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि काम करते समय करंट लगने से उनके पति आशीष कुमार विश्वकर्मा की मृत्यु हुई। जबकि ठेकेदार ब्रेन हेमरेज के कारण मौत बताकर आश्रितों को मुआवजा नहीं दे रहा है।उसके दो छोटे-छोटे बच्चे रौनक विश्वकर्मा,दूसरा आर्या विश्वकर्मा हैं। इनके भरण-पोषण एवं मृतक के परिजनों के पालन-पोषण हेतु कंपनी से समुचित मुआवजा दिलाया जाए।

## किसान यूनियन सरवर के नेता ने कहा हम करेंगे संघर्ष

# बरगी नहर के पानी में पड़ गई डकैती



हरिभूमि न्यूज, सतना।

भारतीय किसान यूनियन सर्व के प्रदेश संयोजक राजेश दुबे ने आरोप लगाया है कि बरगी परियोजना के तहत सतना को मिलने वाले पानी पर डाका डाल दिया गया है। पत्रकार वार्ता में श्री दुबे ने कहा कि जिले के किसानों द्वारा भारतीय किसान यूनियन के साथ नर्मदा का जल सतना लाने हेतु बरगी नहर पदयात्रा का वृहद आंदोलन किया जा रहा है। राजेश दुबे ने कहा कि सतना जिले के प्रायः सभी ग्रामों में किसानों का मुख्य व्यवसाय कृषि है। कृषि भूमि को सींचने के लिये बाणसागर एवं बरगी नहर प्रमुख स्त्रोत माने जाते हैं। बाणसागर का पानी अब तक लक्षित गांव तक नहीं पहुंच पाया। इसी तरह से बरगी का पानी भी अभी तक सतना नहीं पहुंच पाया। नहर बनकर उखड़ रही है। एलाइनमेन्ट के नाम पर किसानों के साथ अधिकारियों द्वारा छल किया जा रहा है। श्री दुबे ने बताया कि बरगी का पानी आने से सतना के एक लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में एक ओर पेयजल संकट व्याप्त है तो दूसरी ओर खेतों के सिंचाई के लिये किसान परेशान हैं। श्री दुबे ने कहा कि पूर्व में कहा गया था कि अगस्त 2024 तक नर्मदा का जल बरगी नहर के माध्यम से जिले के खेतों तक पहुंच जायेगा। लेकिन यह घोषणा सफेद हाथी साबित हुई है। जिससे ऐसा लगता है कि सतना के हिस्से के बरगी के पानी पर डकैती पड़ गयी है। श्री दुबे ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार निरंतर किसानों का कल्याण और विकास योजनायें कागजों में क्रियान्वित कर रहे हैं। यहां उल्लेखनीय है कि किसानों की समृद्धि से व्यापार को मजबूती मिलती है। रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। बरगी नहर परियोजना जिले के लिये एक प्रमुख सिंचाई परियोजना है,जिसका उद्देश्य नर्मदा नदी के पास के प्रदेश के जिलों जबलपुर, कटनी,सतना और रीवा जिलों में ट्रांसबैली नहर के माध्यम से सिंचाई करना है। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संयोजक ने किसानों से अपील की है कि वे किसानों के सामूहिक हितों की रक्षा के लिये जन आंदोलन से जुड़कर बरगी एवं बाणसागर का पानी हर खेत तक पहुंचाने में सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

## रबर बोर्ड केरल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के साथ किया अकादमिक एमओयू

### मध्यप्रदेश में रबर की खेती की संभावनाओं और उत्पादकता के अध्ययन के लिए हुआ समझौता



**सतना।** रबर बोर्ड केरल ने मध्य प्रदेश में रबर की खेती की संभावनाओं और उत्पादकता अध्ययन के लिए महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय चित्रकूट के मध्य आज अकादमिक एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय की ओर से कुलगुरु प्रो भरत मिश्र,प्रभारी कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी,अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रो डी पी राय,प्रो एच एस कुशवाहा और रबर बोर्ड केरल की ओर से वैज्ञानिक डॉ राजू एम.जे.आदि मौजूद रहे। संकायाध्यक्ष प्रो राय ने बताया कि रबर बोर्ड ने हाल के वर्षों में गुजरात,छत्तीसगढ़,झारखंड और बिहार में चयनित विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन किया है। रबर की खेती मुख्य रूप से केरल और त्रिपुरा जैसे अन्य राज्यों में की जाती है।समझौते में मध्य प्रदेश में रबर के लिए क्षेत्र विशेष रूप से अच्छी कृषि पद्धतियों को विकसित करने की परिकल्पना की गई है। रबर बोर्ड ने केरल तथा अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के किसानों आर्थिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। देश के अन्य क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों के आलोक में रबर बोर्ड ने मध्य प्रदेश में रबर की खेती के लिए महात्मा गांधी चित्रकूट विश्वविद्यालय के कृषि संकाय को चयनित कर रबर की खेती को विस्तारित करने का संकल्प लिया है।



# कलेक्टर ने सुनी 133 आवेदकों की समस्यायें

**सतना** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आये 133 आवेदकों से उनकी समस्यायें सुनी और अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,एसडीएम एलआर जांगडे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में जमीन का सीमांकन कराने,अनुकंपा नियुक्ति,खाद्यान पात्रता पर्ची,दाखिल-खारिज कराने,प्रधानमंत्री आवास योजना,अवैध कब्जा हटाने, विद्युत समस्या,जमीन का कब्जा दिलाने,सीमांकन कराने,चिकित्सा सहायता,रोजगार दिलाने,भरण-पोषण और संबल योजना के लाभ संबंधी आवेदन लेकर जनसुनवाई में पहुंचे।

**मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 42 आवेदन-** कलेक्टर रानी बाटड ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 42 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने यात्री बसों की जांच की, खराब फायर सिलेंडर जब्त





हरिभूमि न्यूज, सतना।

यातायात पुलिस ने मंगलवार को यात्री बसों की विशेष जांच अभियान चलाया। कोठी तिराहे पर चलाए गए इस अभियान में बसों की फिटनेस,फायर सिलेंडर और फर्स्ट एड बॉक्स की स्थिति की जांच की गई। इस कार्रवाई का नेतृत्व यातायात प्रभारी पंकज शुक्ला ने किया।सिविल लाइन क्षेत्र के कोठी तिराहे पर यातायात टीम ने विभिन्न रूटों पर चलने वाली बसों की जांच की। इस दौरान कई बसों में सड़े-गले फायर सिलेंडर और अनुपयोगी फर्स्ट एड बॉक्स पाए गए,जिन्हें मौके पर ही निकलवाया गया।अधिकारियों ने साफ निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए। ड्राइवर और कंडक्टर से भी सुरक्षा संबंधी जागरूकता को लेकर बातचीत की गई।गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सिविल लाइन थाना क्षेत्र के हटिया के पास एक यात्री बस पलट गई थी,जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जांच में सामने आया था कि बस की स्थिति बेहद जर्जर होने के बावजूद उसे फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किया गया था। इस घटना के बाद आरटीओ ने संबंधित बस की फिटनेस रद्द कर दी थी।उसी घटना को ध्यान में रखते हुए अब ट्रैफिक पुलिस ने शहर में बसों की सुरक्षा पर निगरानी तेज कर दी है।

# अतिक्रमण की चपेट में बिनैका तालाब खोता जा रहा है अपना अस्तित्व

### जिला प्रशासन की उदासीनता से बरम बाबा का प्राचीन मंदिर भी खण्डहर में तब्दील

**मैहर।** तालाबों की नगरी कहे जाने वाला मैहर नगर अब तालाब विहीन होता जा रहा है। राजाओं के समय मैहर में लगभग 22 तालाबों का निर्माण कराया गया था जिससे नगरवासियों को हमेशा पेयजल उपलब्ध होता था साथ ही तालाबों में पानी भरा रहने से नगर के जल स्त्रोतों में पानी की कमी नहीं होती थी लेकिन स्थानीय प्रशासन की उदासीनता एवं जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण एक-एक करके अधिकांश तालाब मैहर के नक्शे से गायब हो चुके है और जो बचे है वह भी अपने अस्तित्व को बचाने में नाकाम नजर आ रहे है। मैहर में ऐसा ही बिनैका तालाब वार्ड नंबर 11-12 एवं 13 के क्षेत्र में बनाया गया था। इस तालाब का पानी इतना शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण था कि नगर के लोग दाल पकाने के लिए अपने घरों में पानी भर कर ले जाते थे लेकिन समय बदला और इस तालाब की मेढ़ पर अतिक्रमण कर मकान बना लिए गए है। इन मकानो में बने शौचालय एवं नालियों का गंदा पानी इसी तालाब में गिराया जा रहा है जिसके चलते आज इस तालाब का पानी इतना दूषित हो गया है कि आज कोई इस पानी को छूता तक नहीं है। इस तालाब को साफ सुथरा बनाए



रखने के लिए पूर्व सीएमओ के द्वारा जन भागीदारी की बैठक ली गई थी मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसके चलते यह तालाब एक गढ़नियां का रूप लेता जा रहा है और आगे चलकर यह तालाब भी मैहर के नक्शे से गायब हो जाएगा। यहां पर एक प्राचीन मंदिर बरम बाबा का बना हुआ है जो जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण खण्डहर में बदलता जा रहा है। इस वार्ड का यह हाल है कि यहां पर नगर पालिका के द्वारा सफाई नहीं करवाई जाती है जिससे नालियों में भरा गंदा पानी बजबजा रहा है वहीं रात के समय इन नालियों में रहने वाले मच्छरों के आंतक ने लोगों को जीना हराम कर दिया है। बरम बाबा के आस पास रहने वाले नगरवासी सुबह शाम मंदिर पूजा करने जाते है जिनको वार्ड की गंदगी भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है। यहां पर बनी नालियां अधिकांश भठ गई या टूट गई है जिसके चलते नगरवासियों के घरों से निकला गंदा पानी रास्तों में भरा रहता है। इस प्राचीन शंकर जी के मंदिर का मेंटीनेन्स न होने के कारण अब यह मंदिर खण्डहर में तब्दील होता जा रहा है लेकिन आज भी आस्था का केन्द्र बना हुआ है। नगरवासियों के द्वारा बताया जा रहा है कि इस तालाब में कभी सिंघाड़ा लगाने एवं मछली पालने के लिए टेंडर भी हुआ करते थे जो आज गर्त में चले गए है इसीलिए यह तालाब गंदगी का साम्राज्य बन गया है। यही नहीं इस बरम बाबा मंदिर एवं शीतला माई के आस पास लगे स्ट्रीट लाइटों के न जलने के कारण वार्डवासियों को रात के अंधेरे में आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती गीता सोनी एवं सीएमओ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बिनैका तालाब एवं बरम बाबा मंदिर का निरीक्षण कर कायाकल्प किए जाने की मांग की है ।

## खबर संक्षेप

### 29 मई से प्रारंभ होगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**पन्ना।** विकसित कृषि संकल्प अभियान आगामी 29 मई से प्रारंभ होगा। किसानों को उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी प्रदान करने तथा खरीफ फसल के पूर्व अभियान चलाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी के उद्देश्य से 15 दिवसीय अभियान 12 जून तक संचालित होगा। इसमें कृषि वैज्ञानिकों तथा स्थानीय स्तर पर प्रगतिशील कृषकों द्वारा नवीन उन्नत कृषि पद्धति व नवाचारों के बारे में अवगत कराया जाएगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ए.पी. सुमन ने सभी किसानों से इस महत्वाकांक्षी अभियान में सहभागिता का अनुरोध किया है।

### स्थानीय निर्वाचन कार्यालय भवन का भूमिपूजन आज

**पन्ना।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन परिसर कलेक्टेट में जिला स्तरीय स्थानीय निर्वाचन कार्यालय का नवीन भवन बनेगा। कलेक्टर सुरेश कुमार बुधवार, 21 मई को सुबह 10 बजे जिला स्तरीय स्थानीय निर्वाचन कार्यालय भवन के निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र ने इस अवसर पर भूमिपूजन स्थल नवनिर्मित वाहन पार्किंग के पास समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित रहने के लिए कहा है।

### ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में वॉइस ऑफ मीडिया द्वारा पवई नगर में भव्य तिरंगा यात्रा, पूर्व सैनिकों का हुआ सम्मान



**पवई।** नगर में एक ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला, जब वॉइस ऑफ मीडिया के तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर के वीर सपूतों को समर्पित तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, युवाओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा की शुरुआत राष्ट्रगान और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पवई की गलियां गूंज उठीं। यात्रा के दौरान लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का संदेश दिया और सेना के योगदान को याद किया।इस विशेष अवसर पर पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें कारगिल शहीद बालेन्द्र सिंह कि पत्नी राधा सिंह, करण सिंह जगदीशपुरा, हनुमत सिंह, अवध नारायण सक्सेना का शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनकी सेवाओं को नमन किया गया। पूर्व सैनिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। वॉइस ऑफ मीडिया के आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की जनता में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना और हमारे वीर जवानों के बलिदान को याद करना है।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और सभी प्रतिभागियों के सम्मान के साथ हुआ। पवई नगर मे यात्रा के दौरान हिन्दू मुस्लिम ने दिया गंगा यमुना तहजीब का सन्देश। तिरंगा यात्रा मे पवई विधायक पहलाद लोधी, जनपद अध्यक्ष मोहनी मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष निधि पटेरिया, तहसीलदार प्रीति पांति, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, हिन्दू एवं मुस्मिल समुदाय के लोग रहे।

### हरिभूमि के कंप्यूटर ऑपरेटर गोविंद के पिताजी का दुखद निधन



**पन्ना।** हरिभूमि न्यूज़ एजेंसी के कंप्यूटर ऑपरेटर गोविंद सिंह के पिता श्री सूरज वैद्य का बीती रात हृदय गति रुकने से स्वर्गवास हो गया है। पत्रकार बंधुओ एवं समाज सेवियों के द्वारा आज गोविन्द एवं उनकी मां को 22300 रुपए की राशि एकत्र कर प्रदान की गई और आगे भी मदद का आश्वासन दिया गया।

## नल जल योजनाओं का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराएं- कमिश्नर

# सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य बरसात के पूर्व प्राथमिकता से हो

### कमिश्नर ने ली निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक

कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बनाई जा रही नल जल योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए।



हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

इस संबंध में आज सागर में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि हर घर जल योजना शासन की अति महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए। यह योजना काफी धीमी गति से चल रही है। इस योजना के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने सागर संभाग में ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की सतत व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की सतत निगरानी होनी चाहिए। जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल व्यवस्था की सतत मॉनिटरिंग कराएं तथा लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मुहैया कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने सागर संभाग में लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संभाग में बनाई जा रही सडकों की जिलेवार समीक्षा की तथा सडकों के निर्माण की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने सडकों के निर्माण को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन सडकों का निर्माण वर्षा से पूर्व प्राथमिकता के साथ कराना सुनिचित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों के मरम्मत की आवश्यकता है, उन सडकों की मरम्मत वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने कहा कि जो निर्माण एजेंसियां सड़कों के निर्माण में उदासीनता बरत रही हैं। ऐसी निर्माण एजेंसियों को नोटिस दें तथा उन पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग में जिन परियोजनाओं में भू-अर्जन की आवश्यकता है। ऐसी परियोजाओं के भू-अर्जन के लिए अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। भू-अर्जन कार्य में गतिरोध उत्पन्न होने पर संबंधित जिले के कलेक्टरों अथवा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भू-अर्जन प्रकरणों को संज्ञान में लाकर उनका निराकरण भी कराएं। बैठक में कमिश्नर ने सेतु निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, भू-जल सर्वेक्षण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की।

# सांदीपनि विद्यालय गुनौर में हुआ समर कैंप का भव्य आयोजन




हरिभूमि न्यूज, गुनौर

स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार 1 मई 2025 से संचालित समर कैंप का आयोजन किया गया था जिसका समापन समारोह 20 मई 2025 को मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र तिवारी की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य पि.डी. मिश्रा के द्वारा यह बताया गया कि समर कैंप में कक्षा तीन से आठवीं तक एवं नवमी 12 वीं तक के छात्रों को प्रतिदिन उपस्थित होकर योग चित्रकला भाषा ज्ञान नृत्यआदि का ज्ञान कराया जाता था इस कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच का विकास करना सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों का समग्र विकास करना होता है, समापन समारोह में प्रमुख रूप से उपस्थित ठाकुर प्रसाद कटैहा द्वारा छात्रों को योग एवं आयुर्वेद संबंधी व्याख्यान ज्ञान दिया गया एवं आयुर्वेद के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ाने हेतु उसकी जीवन पद्धति के बारे में बताया गया । कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि की उपस्थिति में वितरित किया गया। श्री सौमित्र मिश्रा प्राचार्य द्वारा समर कैंप में सीखे गए कला कौशल की निरंतरता बनाए जाने ,बनाए रखने हेतु आवश्यकता पर जोड़ दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह बागरी द्वारा किया गया तथा अंत में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ शिक्षक एवं समर कैंप के नोडल प्रभारी श्री मनोज कुमार पाठक के द्वारा किया गया। समर कैंप की गतिविधियों में मुख्य भूमिका श्रीमती गंगा देवी त्रिपाठी अशोक सिंह प्राची पटेल चंद्र प्रभा तिवारी प्राथमिक शिक्षक की राही। समापन समारोह में विद्यालय स्टाप अरविंद कुमार गुप्ता ओंकार प्रसाद पांडे हेत राम गर्ग संजीव खरे मनीष चौरसिया रामनाथ दहायत, अतुल सिंह मुकेश कोरी सोमलता कुशवाहा साहिला सिद्दीकी संजय त्रिपाठी रामदीन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में 20 दिवसीय समर कैंप का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हुआ समापन

### छात्राओं ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

पवई।



मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र और मध्य प्रदेश शासन के द्वारा एक मई से बीस मई 2025 तक प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उनकी रुचि के अनुसार खेल गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला कंप्यूटर शिक्षा,स्पोकन इंग्लिश तथा कला कौशल जैसी अंतर्मुखी प्रतिभाओं के विकास पर बल दिया जाता है। इसी के तहत पवई के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी एक मई से बीस मई तक सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे तक समर कैंप का आयोजन किया गया, मंगलवार को मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र पटेल, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया, जीत बढौलिया उपाध्यक्ष मंडल पवई जमुना प्रसाद खटीक सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी राम भुवन बागरी की अध्यक्षता में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं जैसे खेल, गायन, वादन नृत्य, चित्रकला आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा इसका प्रदर्शन किया,इसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मैडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामचरण गुप्ता ,एस के गौतम रघुवीर तिवारी अजीत पाठक, सहित विद्यालय के शिक्षक पत्रकार गण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक हरिशंकर खटीक ने किया।

### शिक्षक ने दिखाई मानवता की मिसाल, पक्षियों के लिए किया दाना-पानी का इंतजाम

**पन्ना।** पवई के शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा के शिक्षक सतानंद पाठक ने गर्मी के इस मौसम में जहां लोगों को अपने लिए पानी की व्यवस्था करने में मुश्किल हो रही है, वहीं शिक्षक ने मानवता की मिसाल पेश की है। सतानंद पाठक ने अपने विद्यालय में पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम किया है। **विद्यालय में पक्षियों के लिए दाना-पानी का इंतजाम-** शिक्षक सतानंद पाठक ने अपने विद्यालय में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने के लिए विशेष व्यवस्था की है। उन्होंने विद्यालय के प्रांगण में पक्षियों के लिए



पानी और दाना रखने के लिए बर्तन रखे हैं। इससे पक्षियों को गर्मी के इस मौसम में पानी और दाना मिल सकेगा।

**शिक्षक की पहल की सराहना-** शिक्षक की इस पहल की सभी ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि इस तरह की पहल से न केवल पक्षियों को लाभ होगा, बल्कि इससे लोगों में भी मानवता की भावना जागृत होगी।

**आने वाले दिनों में और भी पहल-** सतानंद पाठक का कहना है कि वह आने वाले दिनों में और भी पहल करेंगे जिससे पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं को लाभ पहुंच सके। उनकी इस पहल से लोगों को प्रेरणा मिल रही है और वे भी अपने स्तर पर पक्षियों और जीव-जंतुओं के लिए कुछ करने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह की पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है और लोगों में मानवता की भावना बढ़ सकती है।

# सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के विद्यार्थियों को कराया फील्ड विजिट





हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संस्था में संचालित सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विद्यार्थियों को आज दिनांक 17.05.2025 को उनके "फील्ड विजिट" विषय अंतर्गत विषय के व्यावहारिक ज्ञान हेतु पन्ना जिले के जनकपुर रोड़ पर निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज का विजिट कराया गया। इस विजिट के दौरान विद्यार्थियों को साइट इंजीनियर श्री अभिषेक द्वारा ब्रिज निर्माण के तकनीकी पहलू कि जानकारी प्रदान कि गयी तथा इस परियोजना के विषय में विस्तार से बताया गया। साइट इंजीनियर अभिषेक मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को रेल लाइन निर्माण में उपयोग होने वाली निर्माण सामग्री यथा गिट्टी, सीमेंट, रेत, के निर्धारित मानकों के अनुरूप होने कि आवश्यकता एवं महत्व पर जानकारी प्रदान की तथा साइट पर उपस्थित ठेकेदार रंजन सिंह ने रेलवे विभाग अंतर्गत निर्मित विभिन्न स्ट्रक्चर का अवलोकन करवाते हुये विद्यार्थियों को साइट पर उपयोग हो रही विभिन्न मशीन एवं उपकरणो के परिचालन की विधि से परिचित करवाया गया । फील्ड विजिट के दौरान सिविल ब्रांच के अतिथि व्याख्याता श्री सुभाष पांडे उपस्थित रहे जिनके द्वारा विद्यार्थियों को फील्ड विजिट का महत्व बताते हुये विषय के सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक दोनों पर प्रकाश डालते हुये व्यवहारिक ज्ञान पर अधिक ध्यान देने हेतु प्रेरित किया गया ।

# शिक्षा की मर्यादा पर प्रश्न चिन्ह प्रभारी प्राचार्य की अभद्र भाषा

### नेतृत्वहीनता और अनुशासनहीनता ने देवेंद्रनगर के सीएम राइज कन्या विद्यालय को संकट में डाला

देवेंद्रनगर।

प्रदेश शासन द्वारा सीएम राइज स्कूल योजना के अंतर्गत विकसित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर, इन दिनों गहरे शैक्षणिक और नैतिक संकट से जूझ रहा है। इस विद्यालय को विशेष श्रेणी के मॉडल स्कूल के रूप में उन्नत करने की घोषणा तो की गई, परंतु विडंबना यह है कि अब तक यहां कोई स्थायी प्राचार्य पदस्थ नहीं किया गया। विगत वर्षों से विद्यालय केवल एक प्रभारी प्राचार्य के भरोसे संचालित हो रहा है, जिनकी भाषा शैली, व्यवहार और नेतृत्व क्षमता पर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं। विद्यालय से जुड़े कई शिक्षकों, अभिभावकों और सामाजिकजनों ने कृ नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कृ बताया कि प्रभारी प्राचार्य छात्राओं, सहकर्मी शिक्षकों और आगंतुकों से बार-बार अशिष्ट, अपमानजनक और अनुचित भाषा में संवाद करते हैं, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल लगातार विषाक्त होता जा रहा है। कई छात्राएं भयभीत हैं, शिक्षक हताश हैं और अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पूर्व जब कुछ छात्राओं ने प्रशासन के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, तो उन्हें दबाव और भय के वातावरण में चुप रहने को मजबूर किया गया। हाल ही में एक बाहरी छात्र के साथ की गई प्रभारी प्राचार्य की अमर्यादित टिप्पणी ने विद्यालय की प्रतिष्ठा को झकझोर कर रख दिया है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि जिस स्थान कृ एक कन्या विद्यालय कृ में संवेदनशीलता, मर्यादा और अनुशासन की सर्वोच्च आवश्यकता होती है, वहां ऐसा व्यक्ति प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत है जिसकी भाषा और सोच शिक्षक पद के योग्य तक नहीं मानी जा सकती। यह स्थिति न केवल विद्यालय के भविष्य के लिए, बल्कि सामाजिक मूल्यों के लिए भी खतरे की घंटी है। विद्यालय के समर्पित शिक्षक कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का प्रयास कर रहे हैं, परंतु नेतृत्व की अनुपस्थिति में उनका परिश्रम अपना पूरा प्रभाव नहीं छोड़ पा रहा। विशेषज्ञों का स्पष्ट मत है कि यदि यहां एक योग्य, अनुशासित और संवेदनशील स्थायी प्राचार्य की नियुक्ति होती, तो यह विद्यालय निश्चित ही मध्यप्रदेश की शैक्षणिक शीर्ष सूची में स्थान बना सकता था। यह खबर किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि एक संस्थानिक चेतावनी है। सीएम राइज स्कूल जैसी योजनाएं तभी सार्थक सिद्ध होंगी, जब उनमें केवल भौतिक सुविधाएं नहीं, बल्कि संस्कारवान नेतृत्व भी सुनिश्चित किया जाए। ऐसे व्यक्ति के भरोसे कोई भी ष्मॉडल स्कूलष केवल एक दिखावटी व्यवस्था बनकर रह जाएगा। जनहित में यह अपील की जाती है कि शासन तत्काल हस्तक्षेप कर प्रभारी प्राचार्य को कन्या विद्यालय से हटाए और यदि आवश्यक हो तो उन्हें किसी बॉयज़ स्कूल में स्थानांतरित कर, कड़ी प्रशासनिक निगरानी में रखा जाए। इससे न केवल छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि शिक्षा की मूल आत्मा कृ अनुशासन, मर्यादा और संवेदनशीलता कृ की पुनर्स्थापना संभव हो सकेगी। यह समाचार उन तमाम दबे हुए स्वर और अनुभवों की प्रतिनिधि आवाज है, जिन्हें भय, लाचारी और व्यवस्था की अनदेखी ने अब तक मौन रहने पर मजबूर किया है। लेकिन अब मौन विकल्प नहीं है। 'शासन को निर्णय लेना ही होगा या तो शिक्षा संस्थानों में नेतृत्व और मर्यादा बहाल करें। या फिर समाज को उसकी चुप्पी की भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहना होगा।





# ऐतिहासिक प्राचीन तीर्थ स्थल का मार्ग जर्जर

पन्ना।

चौमुखनाथ महादेव का मंदिर अति प्राचीन है यह मंदिर 7 शताब्दी का बताया जा रहा है यहां पार्वती मंदिर भी है जो 5 शताब्दी का है इस स्थान में अनेकों एतिहासिक प्राचीन हिन्दू धार्मिक मूर्तियां स्थिति है।जो एतिहासिक के साथ-साथ संस्कृति महत्व में अपना स्थान बनाए हैं शिव मंदिर में स्थापित चारमुखी भगवान शिव की प्रतिमा भारत की एकमात्र दुर्लभ प्रतिमा है इस मंदिर की ख्याति पूरे भारतवर्ष में है यहां विराजमान भगवान शिव की प्रतिमा के दर्शन करने देश प्रदेश के कोने कोने से दर्शनार्थी आते हैं यह इस्थान विशेष धार्मिक महत्वता रखता है। पुरातात्विक स्थलों में यह क्षेत्र आता है मगर इस क्षेत्र में आज तक कोई विकास नहीं किया जिसका की वह हकदार हैं गंज से चौमुखनाथ का पक्का मार्ग जर्जर हो गया है जगह जगह गढ्ढे हो गये है सड़क की गिट्टी तक उखड़ गई है दर्शनार्थियों को आने-जाने में असुविधा होती है सिंगल मार्ग होने के कारण हादसे होते हैं क्योंकि पर्वों में दर्शनार्थियों की भारी संख्या बढ़ जाती है। चौमुखनाथ मंदिर परिक्षेत्र में यात्रियों की सुविधा हेतू कोई संसाधन नहीं है केवल मंदिर क्षेत्र में एक हैंड पंप है जिसमें भारी भीड़ पड़ती है भगवान शिव के जला अभिषेक हेतु जल लेने के लिए घंटों लोग कतार में खड़े रहते हैं। चौमुखनाथ स्थान में बने तलाब से मंदिर तक पत्थर पटिया का फरस है जिसमें लोगों को उपट्टे लगते रहते हैं आज तक सीसी निर्माण नहीं हुआ हैं महादेव मंदिर से राम-जानकी मंदिर तक कच्चा रास्ता है जो बरसात में दल दल में तब्दील हो जाता है आज तक क्षेत्र में कोई शासन प्रशासन द्वारा सुंदरीकरण नहीं किया गया निकटतम बना तलाब गंदगी से भरा है क्षेत्र में एक भी दर्शनार्थियों के लिए शौचालय नहीं खुले में लोग मूत्र विसर्जन करतें हैं न कोई पेय जल विवास्था है खबर का उद्देश्य शासन प्रशासन को जागृत करना है की ऐसे दुर्लभ स्थान जहां पूरे भारत के लोग दर्शन करने आते हैं वह स्थान सड़क से लेकर सुविधा संसाधन विहीन क्यों है। आखिर कब इस ऐतिहासिक प्राचीन क्षेत्र में सुंदरीकरण कर व्यवस्थाओं युक्त बनाया जाएगा।

खबर संक्षेप

## 6 महीने तक लड़की का शारीरिक शोषण करने के बाद लड़के ने शादी से किया इंकार



**छतरपुर।** जिले के बमनौरा थाना क्षेत्र की एक युवती ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर 6 माह तक शारीरिक शोषण करने और बाद में शादी से मुकरने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता ने बताया कि आरोपी भरत अहिरवार उम्र 22 वर्ष ग्राम झिरियाझोर, थाना भगवां का निवासी है, और उसका रिश्तेदार है। दोनों के बीच बतौर रिश्तेदार बातचीत होती थी, इसी दौरान एक दिन आरोपी ने उसके साथ शादी करने की इच्छा जताई। आरोपी ने पीड़िता के सहमत होने पर चिकनी-चुपड़ी बातों से उसका भरोसा जीता और शादी करने का भरोसा देकर कई बार उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे दिल्ली भी ले गया था, जहां उसने बलात्कार किया। काफी दिन गुजर जाने के बाद जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने 15 मई को शादी करने का वादा किया। पीड़िता के मुताबिक 15 मई को वह हाथों में मेंहदी लगाकर शादी के लिए तैयार बैठी रही लेकिन, भरत ने उसे धोखा दे गया। पीड़िता का कहना है कि भरत शादी से मुकर गया है और बदनामी करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने यह भी खुलासा किया है कि जब आरोपी की बहन ने उसे शादी के लिए समझाया, तो उसने बहन के साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि वह भगवां थाना और एसडीओपी कार्यालय में शिकायत कर चुकी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## जिला सहकारी बैंक के सीईओ आरएस भदौरिया का शिवपुरी तबादला

**छतरपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, छतरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) आरएस भदौरिया का तबादला शिवपुरी कर दिया गया है। उनकी जगह एसके कनौजिया, जो वर्तमान में पन्ना जिला सहकारी बैंक के सीईओ हैं, को आगामी आदेश तक छतरपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह तबादला प्रशासनिक व्यवस्था के तहत किया गया है। कनौजिया अब पन्ना के साथ-साथ छतरपुर जिला सहकारी बैंक की जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करेंगे। स्थानीय कर्मचारियों और सहकारी समितियों ने नए प्रभारी से बैंकिंग सेवाओं में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने की उम्मीद जताई है।

## बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता एवं स्वच्छता कार्यशाला का किया गया आयोजन

विंध्य क्लब द्वारा क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों के लिए विभिन प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। इसी कड़ी में विंध्य क्लब द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता एवं स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन श्रेणीयों में आयोजित किया गया था, जिसमें गृहणी,जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बच्चे शामिल हुये। इस प्रतियोगिता में सभी को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट से संबन्धित चीजें अपने-अपने घर से बनाकर जमा करना था, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य बेकार पड़ी चीजों को रियूज करना था। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जनरल सेक्रेटरी विंध्य क्लब श्री वेदप्रकाश एवं विंध्य क्लब के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पौने 4 करोड़ से अधिक की रिकवरी होने के बाद भी लक्ष्मी प्रसाद पटेल को जिला स्टाफ उप समिति ने उपकृत कर दी संविदा नियुक्ति

# लक्ष्मी प्रसाद पटेल को गबन धोखाधड़ी के मामले में होना चाहिए था जेल में, लेकिन बैंक ने उपकृत कर पुनः दे दी संविदा नियुक्ति

### लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने राजनगर बैंक से स्थल निरीक्षण रिपोर्ट गायब करवा दी, जिससे आज दिनांक तक चालान न्यायालय में पेश नहीं हो पाया

**छतरपुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा घुवारा के तत्कालीन प्रबंधक लक्ष्मी प्रसाद पटेल द्वारा राजनगर में पदस्थ रहने के दौरान भारी वित्तीय अनिमिताएं त्रण वितरण में की गई थी। और जांच के दौरान यह वित्तीय अनिमिताएं सिद्व पाई गई थी। जिस पर सयुक्त पंजीयक सहकारी सस्थाएं सागर ने 3 करोड़ 83 लाख 46 हजार 4 रूपए लक्ष्मी पटेल तत्कालीन शाखा प्रबंधक राजनगर की चल-अचल सम्पत्ति से बसूली के निर्देश जिला सहकारी बैंक छतरपुर को दिए थे। लेकिन उनकी चल-अचल संपत्ति से बसूली तो नहीं हुई परन्तु सेवा निवत्ति के बाद लक्ष्मी पटेल को पुनः संविदा नियुक्ति देकर सेवा करने का मौका दे दिया गया। जिस कर्मचारी ने स्थाई पद पर रहते हुए इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया, वहीं कर्मचारी संविदा नियुक्ति पाकर बैंक में और कितना बड़ा भ्रष्टाचार नहीं कर सकता। लेकिन संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्था सागर के निर्देशों की अवहेलना करते हुए उन्हें पुनः सविंदा नियुक्ति दी गई, जो आज प्रदेश, जिला चर्चा का विषय बनी हुई है।


### आवेदन के साथ-साथ तथ्यों को भी छिपाया लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने -

लक्ष्मी प्रसाद पटेल द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के महाप्रबंधक को एक आवेदन 23 अप्रैल 2024 को दिया जाकर सेवा अवधि बढाने की मांग की गई थी, लेकिन उन्होने इस आवेदन में कई तथ्यों को छिपाया और पुत्र की बीमारी का हवाला




देकर सहनभूति बतौर संविदा नियुक्ति प्राप्त कर ली। उनके द्वारा पत्र में हवाला दिया गया था कि बड़े पुत्र सुरेश पटेल का एक्सीडेट हो गया था जिससे उसके शरीर का आधा भाग शुन्य हो गया है। और वह चलने फिरने में असमर्थ है, बहीं छोटे पुत्र की आइसीडीपी परियोजना बंद होने के कारण नौकरी छुट गई और परिवार में भरण पोषण का भार बढ़ गया। लेकिन लक्ष्मी पटेल द्वारा एक तथ्य महत्वपूर्ण छिपाया गया कि बड़े पुत्र की पुत्रबधु शासकीय नौकरी कर रहीं है। इनके बड़े पुत्र सुरेश पटेल की पत्नी महोबा जिले के श्रीनगर में शासकीय शिक्षक के पद पर पदस्थ है। और उनकी वेतन भी पर्यात्त है। सरकारी नौकरी पर रहते हुए बड़े पुत्र सुरेश पटेल की पत्नी अपने पति के ईलाज के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा-दीक्षा भरण पोषण का खर्च बहन करनें में पूरी तरह से सक्षम है। ना तो वह अपने ससुर की आय पर आश्रित है, और न ही अन्य किसी की आय पर। लक्ष्मी पटेल द्वारा अपने आवेदन के साथ अन्य सभी तथ्य उजागर किए गए, लेकिन पुत्रबधु की सरकारी नौकरी की जानकारी पुरी तरह से छिपाई गई और संविदा नियुक्ति प्राप्त कर ली।





### अवैध करोड़ो की कमाई से कृषि भूमि ग्राम कूड़ में बताई जा रही -

जनपद पंचायत छतरपुर के अतंर्गत ग्राम कूड में लक्ष्मी प्रसाद पटेल की अवैध करोड़ों की कमाई से कृषि सिंचित भूमि भी है और उसमें पैदाबार भी होती है। खेती में इतनी पैदावार होती है कि लक्ष्मी पटेल को अपने जीवोकोपार्जन एंव परिवार के भरण पोषण के लिए संविदा नियुक्ति की आवश्यकता नहीं थी। उन्हौने संविदा नियुक्ति इसलिए ली ताकि घुवारा बैंक का 23 लाख रूपए लगभग का घोटाला दवा रहे। क्योंकि आज भी बही कर्मचारी बैंक में बैठे है। लक्ष्मी पटेल जब घुवारा में पदस्थ रहें तो वह 3 समितियों सरकना, रामटौरिया, सेवार को गोद लिए रहे, ऐसी चर्चाए सुनने को मिलती रही और इनके कार्यकाल में ही इन तीनों समितियों में जमकर भ्रष्टाचार किया गया।

### संविदा नियुक्ति से संबंधित बैंक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव फर्जी हैं -

लक्ष्मी पटेल की संविदा नियुक्ति से सम्वधित जो प्रस्ताव बैंक द्वारा पारित किए गए बह सभी प्रस्ताव फर्जी तौर पर बनाए गए। पटेल की 7 बर्ष की गोपनीय चरित्रावली की जानकारी में गोपनीय चरित्रावलियों का वर्गीकरण अंकित नही किया गया। और इनके विरूद्व विभागीय जांच होने एवं जांच में दोष मुक्त होने की जानकारी नहीं है। आयुक्त द्वारा गोपनीय चरित्राबली के वर्गीकरण की जानकारी भी मांगी गई थी, लेकिन यह जानकारी नहीं दी गई और लगातार फर्जी प्रस्ताव बनाकर आयुक्त को भेजकर संविदा नियुक्ति पाने में सफल रहे।

### बैंक से स्थल निरीक्षण रिपोर्ट गायब करवा दी, जिससे न्यायालय में आज तक नहीं पेश हो पाया चालान

राजनगर सहकारी बैंक में लक्ष्मी पटेल के द्वारा जो 3 करोड़ 83 लाख 46 हजार लगभग का भ्रष्टाचार किया गया। उस पर फरियादी जे.एस. यादव सहकारी निरीक्षक की रिपोर्ट पर थाना राजनगर में लक्ष्मी पटेल, आ.के रिछारिया, सीएल प्रजापति के विरूद्व धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया गया था। इस पूरे मामले को संविदा नियुक्ति के दौरान छिपाया गया। यदि एफआईआर दर्ज होने की बात का उल्लेख संविदा नियुक्ति के आवेदन में किया जाता, तो शायद लक्ष्मी पटेल को संविदा नियुक्ति नहीं मिल पाती, साथ बैंक महाप्रबंधक आर एस भदौरिया द्वारा थाना राजनगर पुलिस को कोई पत्राचार नहीं किया गया और न ही स्थल निरीक्षण रिपोर्ट की जानकारी दी गई जिससे आज तक पुलिस न्यायालय में चालान पेश नहीं कर पाई।

## 4 दिनों के अंतराल में हुई दो भाईयों की मौत

### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**बकस्वाहा।** थाना क्षेत्र के हीरापुर मार्ग पर केरो गांव के पास सोमवार की दोपहर 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे ने मढ़वेरा गांव के एक परिवार को गहरे सदमे में डुबो दिया। दरअसल छोटे भाई की आत्महत्या के बाद उसकी अस्थियां विसर्जित करने जा रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में एक अन्य 15 वर्षीय किशोर भी घायल हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक सुरेंद्र अहिरवार के छोटे भाई प्रवेंद्र अहिरवार ने गत शुक्रवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। हादसे के बाद सुरेन्द्र भाई की अस्थि विसर्जन करने के लिए गया था। वापसी के दौरान सुरेन्द्र की बाइक की बाईक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना में सुरेन्द्र का 15 वर्षीय साला मोहन अहिरवार निवासी बंडा घायल हुआ है, जिसका इलाज जारी है। सुरेन्द्र के पिता आनंदी अहिरवार ने बताया कि पहले छोटे बेटे की मौत ने परिवार को तोड़ा और अब बड़े बेटे की हादसे में मौत ने दुखों का पहाड़ ला दिया है। बहरहाल बकस्वाहा थाना प्रभारी सुनीता बिंदुआ ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## विद्युत कार्यालय पहुंचे कटौती और लो वोल्टेज से परेशान लोग

**छतरपुर।** शहर के वार्ड नंबर 9 के निवासी लंबे समय से बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। मंगलवार को वार्ड के रहवासियों ने पार्षद सुशील सोनी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विद्युत विभाग से अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को तत्काल हल करने की मांग की है। पार्षद सुशील सोनी ने बताया कि भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली कटौती और कम वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर और अन्य उपकरण बेकार हो रहे हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को खासी परेशानी हो रही है। पार्षद सुशील सोनी ने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते वार्ड में ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की समस्या आम हो गई है। उन्होंने मांग की कि जर्जर केबलों को बदला जाए और नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो रहवासी उग्र प्रदर्शन करेंगे।



# पुलिस के पेट्रोल पंप पर हुआ लाखों का घोटाला



### शासकीय कर्मचारियों सहित 5 पर मामला दर्ज

**छतरपुर।** छतरपुर के पुलिस लाइन रोड पर स्थित पुलिस कल्याण केंद्र पेट्रोल पंप में वर्ष 2019 से 2022 के बीच 65 लाख रुपये से अधिक की वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ऑडिट जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस ने तीन शासकीय कर्मचारियों सहित पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों में सेवानिवृत्त कार्यवाहक उप-निरीक्षक, दो पुलिसकर्मी और दो निजी कर्मचारी शामिल हैं, जिन पर रिकॉर्ड में हेराफेरी कर पंप की राशि का दुरुपयोग करने का आरोप है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित जांच टीम ने 100 पेज की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर इस घोटाले का पर्दाफाश किया है। जांच में पाया गया कि पुलिस कल्याण केंद्र पेट्रोल पंप में वर्ष 2019 से 2022 के दौरान बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं की गईं। आरोपियों ने स्टॉक रजिस्टर, नकद जमा राशि और बैलेंस शीट में हेराफेरी कर 65 लाख 41 हजार 195 रुपये का घोटाला किया है। इस घोटाले में सेवानिवृत्त कार्यवाहक उप-निरीक्षक राजभुवन सिंह निवासी खड्डी, रीवा पर आरोप है कि उन्होंने पेट्रोल पंप पर लेखापाल के रूप में रहते हुए रिकॉर्ड में गलत प्रविष्टियां कर नकद राशि को हड़पने की साजिश रची। जबकि पंप पर 2018 में सहायक के रूप में तैनात आरक्षक भूपत सिंह ने अनियमितताओं को छिपाने में सहयोग किया। प्रधान आरक्षक ज्ञान प्रकाश अहिरवार पर आरोप है कि उन्होंने भी 2019 से पंप पर सहायक के रूप में तैनात रहते हुए रिकॉर्ड की जांच और वरिष्ठ अधिकारियों को अनियमितताओं की सूचना नहीं दी। इसके अलावा पंप के सेल्समैन महबूब अली और कलेक्टर सिंह बुंदेला पर स्टॉक और नकद राशि में हेराफेरी करने के आरोप हैं। मामले का पर्दाफाश होने के बाद जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार आरोपियों ने डिप रजिस्टर का संधारण जानबूझकर नहीं किया, ताकि अनियमितताएं छिपाई जा सकें। स्टॉक रजिस्टर में गाडिय़ों की आमद को दर्ज नहीं किया गया, ओपनिंग और क्लोजिंग बैलेंस में हेराफेरी की गई और नकद जमा राशि को गलत तरीके से बढ़ाने-घटाने का खेल किया गया। बहरहाल पुलिस उक्त 5 लोगों के विरुद्ध धारा 420 और 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है, ऑडिट रिपोर्ट में 65 लाख से अधिक के घाटे की पुष्टि हुई है।

## जनसुनवाई में 164 आवेदनों पर हुई सुनवाई

### कलेक्टर ने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को आवेदनों का प्रमुखता से निराकरण के निर्देश दिए



**छतरपुर।** मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी, कौशल सिंह, एसडीएम अखिल राठौर एवं विभागीय जिलाधिकारी उपस्थित रहे और व्हीसी के माध्यम से जिले के अनुभागों के एसडीएम एवं तहसीलदार जुड़े रहे। जनसुनवाई में प्राप्त 164 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया एवं समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का प्रमुखता के साथ निराकरण करें।

## खनिज माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन छतरपुर की लगातार कार्यवाहियां

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विगत 19 मई 2025 को 4 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 1 लाख 20 हजार रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशनन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 135 लोगों ने दिया अपना आवेदन

### जन सुनवाई में ही कई आवेदनो को कलेक्टर ने कराया निराकरण



**सिंगरौली।** जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 135 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

### पुलिस अधीक्षक, मनीष खत्री ने प्रत्येक फरियादी की समस्या सुनी

**सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक, मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना दिवेदी, थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार, महिला थाना प्रभारी प्रिंयका शर्मा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं।** पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगी।



## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज आएंगे रीवा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्य कर, योजना तथा सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा 21 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। देवड़ा 21 मई को सुबह 8.30 बजे भोपाल से फ्लाई बिग हवाई सेवा से प्रस्थान कर सुबह 10.20 बजे रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री देवड़ा रीवा में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेकर दोपहर 3.20 बजे फ्लाई बिग हवाई सेवा से प्रस्थान कर शाम 5.20 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

### जनसुनवाई में 83 आवेदकों के आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई

**रीवा।** प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट में 83 आवेदकों के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में यशशरण तिवारी निवासी जवा ने खसरा में नाम अंकित कराने, रामसाद सेन निवासी ग्राम गढ़वा ने शासकीय भूमि में स्थापित हैण्डपंप को कब्जे से मुक्त कराने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिये। लालमणि तिवारी निवासी लोही ने मुआवजा राशि के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही के निर्देश दिये। दीनबंधु सोहगौरा निवासी ग्राम पटनार थाना बैकुंठपुर ने उनके साथ मारपीट, गाली गलौज करने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। आवेदन पत्र कार्यावाही के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया। जनसुनवाई में रामबहोर साकेत निवासी ग्राम बहुरीबांध ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। जिला पंचायत रीवा को आवेदन आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। मोनिका साहू निवासी वार्ड क्रमांक 21 धोबिया टंकी ने अनुग्रह सहायता के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम कार्यालय को आवेदन कार्यवाही के लिए प्रेषित किया। सेमरिया निवासी शिवा पाण्डेय ने खसरे में जमीन का रकवा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया।

### ई केवाईसी में लापरवाही बरतने पर सेल्समैन तथा दुकान निलंबित

**रीवा।** खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। ई केवाईसी अपडेशन में लापरवाही बरतने पर उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन और दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि त्योंथर तहसील में उचित मूल्य दुकान कोनियाखुर्द के सेल्समैन गजेन्द्र सिंह को ई केवाईसी न करने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया था। इसके बावजूद ई केवाईसी में लापरवाही बरतने पर एसडीएम त्योंथर संजय जैन ने सेल्समैन गजेन्द्र सिंह को निलंबित करने के आदेश दिए हैं।

### मंत्रि परिषद की बैठक में चिकित्सा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए अहम निर्णय

# संजय गांधी चिकित्सालय के उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ की मंजूरी



**रीवा।** इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने एवं चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में आज मंत्रिपरिषद द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्णयों से न केवल चिकित्सा अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।

मंत्रिपरिषद ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा से संबद्ध संजय गांधी चिकित्सालय के व्यापक उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस योजना में नवीन ओ.पी.डी. भवन, मेटरनिटी ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल, मल्टी लेवल पार्किंग, 171 आवास, अत्याधुनिक किचन, डोरमेट्री, न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक तथा कैंसर इकाई हेतु बंकर जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य शामिल हैं। इससे विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी एवं रीवा मेडिकल कॉलेज की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ेगी। गंभीर रोगों के उपचार के लिए सुविधाएं बेहतर होंगी। कैबिनेट की बैठक में इंदौर जिले के गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में कुल 773.07 करोड़ रुपए की लागत से 1450 बिस्तरीय नवीन शिक्षण चिकित्सालय भवन, 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम तथा बाह्य विकास कार्यों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगी एवं मेडिकल एजुकेशन की संरचना को आधुनिक बनाएगी। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को जनकल्याण की सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सशक्त भारत - स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार करने हेतु मध्यप्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. यादव की संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है।

# पत्नी को भरण पोषण न देने पर हुई कुर्क कार्यवाही

### बैकुंठपुर पुलिस ने जब्त की सामग्री

**रीवा।** जिले में बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पति-पत्ती के बीच चल रही नोकझोक दौरान न्यायालय में चल रहे मामले के दौरान तलाक होने और पत्नी को भरण पोषण का आदेश न्यायालय द्वारा जारी किया गया था, जिस पर पति के द्वारा पत्नी को भरण पोषण प्रतिमाह न देने पर न्यायालय ने कुर्क आदेश जारी करते हुए बैकुंठपुर पुलिस को कार्यवाही के लिए सौंपा था जिसे 19 मई को पूरा कर प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करना था, जिसके आधार पर बैकुंठपुर पुलिस ने गत दिवस न्यायालय के आदेश पर कुर्क कार्यवाही करने पति के घर पहुंची, जिस पर पुलिस ने हंगामे के बीच कुर्क कार्यवाही करते सामग्री जब्त कर थाने में रखवाया है जबकि शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की स्थिति में 8 लोगों जानकारी देते हुए बताया कि मनगवां थाना क्षेत्र के गंगेव में रहने वाली को नामजद करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पूरी कार्यवाही को लेकर सिरमौर एसडीओपी उमेश प्रजापति ने फरियादियो अनामिका गुप्ता का विवाह बीते 2016 में हिन्दू रीति रिवाज के साथ बैकुंठपुर मुख्य बाजार वार्ड नंबर 11 में रहने वाले राहुल गुप्ता पिता प्रेमचंद्र गुला उम्र 37 वर्ष के साथ संपन्न हुआ था। शादी के बाद से ही पति-पनी के बीच नीकझोक चल रही थी जिसका मामला न्यायालय तक पहुंचा और विचाराधीन मामले में दोनों के बीच तलाक हो गया। इस बीच न्यायालय ने फरियादिया के भरण पोषण के लिए पति राहुल गुप्ता को प्रतिमाह 15000 रुपये देने का आदेश जारी किया था। न्यायालय की आदेश के बावजूद राहुल गुप्ता अपनी पती अनामिका को प्रतिमाह रुपये नहीं दे रहा था। ऐसी स्थिति में न्यायालय द्वारा पति राहुल के घर में कुर्क आदेश जारी किया जिसकी अवधि 19 मई को पूरी होनी थी। न्यायालय द्वारा कुर्क वारंट मिलते ही बैकुंठपुर पुलिस गत दिवस राहुल गुप्ता के घर पहुंची और विभिन्न प्रकार की सामग्री कुर्क करते हुए थाने में रखवाया है।

### कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने पर 8 लोगों के विरुद्ध दर्ज हुई एफआईआर

कार्यवाही को लेकर एसडीओपी उमेश प्रजापति ने बताया कि 18 मई की शाम न्यायालय के आदेश पर बैकुंठपुर पुलिस के साथ कुर्क्र गारंट तामील करने राहुल गुप्ता के घर पहुंचे थे। न्यायालय द्वारा दिये गये वारंट के आधार पर जब कार्यवाही शुरू की गई तो राहुल गुप्ता घर छोडक़्र भाग निकला जबकि घर में मौजूद उसके बड़े भाई, माता-पिता समेत पड़ोसियों ने पुलिस की कार्यवाही न सिर्फ बाधा उत्पन्न की बल्कि जमकर हंगामा किया। नोकझोक के बीच पुलिस ने घर के अंदर रखी सामग्री क्रमशः फ्रिज सेमसंग कंपनी, टीवी एलईडी, आलमारी, आलमारी डबल डोर, फोन एप्पल 13, लेपटाप, लोहे की सेंटर टेबिल, एसी, वाशिंग मशीन, सोफा, कूलर, लॉकर आदि जब्त किया। और थाने लाकर रखवाया है। पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं हंगामा की स्थिति निर्मित करने वाले 8 लोगों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

# तेंदुआ ने किया दो युवकों पर हमला फिर भाजपा नेता के घर में घुसा



### रेस्क्यू टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद किया रेस्क्यू



**हरिभूमि, मऊगंज।** मऊगंज स्थित बंधव में दो युवकों पर हमला कर तेंदुआ भाजपा नेता के घर में घुस जा गया। इससे घबराए परिजनों घर से बाहर आकर दरवाजा बंद कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी पहुंच गए, जिनकी सूचना पर मुकुंदपुर से आई वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद तेंदुए का रेस्क्यू किया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आबा गांव में सुबह के वक्त दो युवक शौच के लिए खेत गए। यहां पर तेंदुआ ने दोनों युवकों पर हमला कर दिया। हमले में एक युवक शुभम साकेत 18 वर्ष के कूल्हे व गर्दन पर चोट आई, युवकों द्वारा शोर मचाने पर तेंदुआ भागकर पूर्व पार्षद सीएम सिंह पटेल के घर में घुसकर तखत पर बैठ गया। तेंदुआ को घर के अंदर देख परिजन घबरा गए और बाहर निकलकर दरवाजा बंद कर दिया। भाजपा नेता के घर में तेंदुआ के घुसने की खबर से गांव में अफरातफरी मच गई, सभी लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों के अंदर आ गए। खबर मिलते ही मुकुंदपुर से वन विभाग की रेस्क्यू टीम पहुंच गई, रेस्क्यू टीम व पुलिस ने घर के ऊपरी हिस्से से खप्पर हटाकर तेंदुए की पोजीशन देखी इसके बाद रेस्क्यू किया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद तेंदुए का रेस्क्यू किया गया। तेंदुआ के पकडऩे जाने के बाद गांव के लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं घायल युवकों को शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर दोनों का इलाज किया गया।

## वैवाहिक कार्यक्रम में मसाल जलाते समय युवक आग में झुलसा




**रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चाचाई गांव के नई बस्ती में वैवाहिक कार्यक्रम में उस समय हड़कंप मच गया,जब द्वारचार के पास मसाल जलाते समय एक युवक ने पेट्रोल डाल दिया जिससे मसाल लिए युवक आग में बुरी तरह झुलस गया। आग की चपेट में आए युवक को गंभीर अवस्था में संजय गांधी अस्पताल की बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है। घटना सेमरिया थाना क्षेत्र के गोदहा की बताई जा रही है जहां आग में झुलसने से राम कुशल कोल की हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि राम कुशल चचाई नई बस्ती का निवासी है जो अपने साढ़ू भाई के लड़की की शादी में शामिल होने के लिए गोदहा गांव गया हुआ था। रात करीब 10 बजे वो मसाला जला रहे थे तभी एक युवक के द्वारा पेट्रोल डाल दिया गया। पेट्रोल डालते ही आग से एक विस्फोट हुआ जिसकी चपेट में आने से राम कुशल कोल गंभीर रूप से झुलस गया घटना की जानकारी मिलने के बाद 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची जहां से घायल को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा था जहां घटना के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई है। और पूरे मामले की जांच कर रही है।

# जेपी कंपनी: खदान में बाईक सहित गिरे युवक की मौत, एक घायल

### तीन घंटे शव को सड़क पर रखकर परिजनों ने लगाया जाम, मुआवजे की मांग

**रीवा।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनकुइया के जेपी कंपनी द्वारा खोदी गई माइंस में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। बता दे बनकुइया के पास मरहा गांव वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाइक से आ रहे दो युवक हादसे का शिकार हो गए। अचानक बाइक सवार खदान में बाइक सहित गिर गया जिससे एक की खदान के पानी में डूबने से मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका उपचार संजय गांधी अस्पताल में जारी है, घटना के संबंध में चोरहटा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक संजय बुनकर पिता मिथिलेश बुनकर अपने साथ राजकिशोर को लेकर बाइक से के चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मरहा जा रहा था। इसी दौरान रात में बनकुइयां के समीप खदान में भरे पानी में बाइक सहित दोनों युवक गिर गए जिसमे संजय बुनकर की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने सोमवार की सुबह रीवा-सेमरिया मार्ग दादर मोड़ पर चक्काजाम कर दिया गया है परिजन खदान मालिक से मुआवजे की मांग कर रहे थे। करीब तीन घंण्टे तक सड़क पर शव रखकर परिजनों ने चकाजाम किया। जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाइस देकर उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलया जिसके बाद परिजन मानने को तैयार हुए। घटना के संबंध में मृतक के परिजन इंद्रपाल कोरी निवासी ग्राम पुटौंधा थाना कोलगांव जिला सतना में जानकारी देते हुए बताया कि संजय बुनकर और राजकिशोर बाइक में सवार होकर दोस्त की शादी में शामिल होने जा रहे थे। बीती रात्रि जैसे ही वह बनकुइयां के पास पहुंचे तभी अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बनी खदान के पानी में जा गिरे। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने खदान के पानी में पड़े शव और बाइक को बाहर निकलवाया जिसके बाद परिजनों ने आक्रोशित होकर रीवा सेमरिया मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। परिजनों का कहना था कि यह खदान फैक्ट्री की है और फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतते हुए खदान को खुली छोड़कर रखा गया था जिसके चलते यह हादसा हुआ है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

### अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

**रीवा। भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी।**

अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

### अभियान की रूपरेखा तैयार करें

कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं। खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दें। कलेक्टर अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। नोडल अधिकारी अभियान की समस्त गतिविधियों में समन्वय बनाकर अभियान की प्रगति का हर सप्ताह प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर और संयुक्त संचालक कृषि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

# वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सहयोगी बैंकों एवं आरोह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित




**मऊगंज।** सेंटर फॉर फाइनेंशियल लिटरेसी प्रोजेक्ट के तहत खजुराहों रीजेंसी भोपाल में तीन दिवसीय आवासीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सहयोगी बैंकों एवम आरोह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 18 जिलों से 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम में अरोह फाउंडेशन की तरफ से नेशनल हेड आशीष, राजस्थान से मास्टर ट्रेनर सत्येंद्र चौधरी, गुजरात से ललित कुमार, उत्तर प्रदेश से शैलेन्द्र सिंह सभी अधिकारियों ने शिरकत की। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में रिजर्व बैंक ऑफ़ इण्डिया से मैनेजर श्रीमान विनय मौरे ने रिजर्व बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने वित्तीय साक्षरता केंद्र की सहायता से वंचित वर्गों के समुदाय को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाया जाए व उन वर्गों को सभी योजनाओं की जनकारी प्रदान की जाए। कार्यक्रम में अरोह फाउंडेशन के नैशनल हेड आशीष सिंह ने बताया कि वर्तमान में वित्तीय साक्षरता सभी के लिए कितनी आवश्यक है चाहें आपकी आयु, आय या शिक्षा का स्तर कोई भी हो यह आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुचारू ढंग से प्रबंध, नियंत्रित करने और अपने वित्तीय लक्ष्य को हासिल करने में मदद करता है।कार्यक्रम में आलोक चक्रवर्ती एवं अंकित राय बैंक ऑफ इंडिया भोपाल से जिला अग्रणी प्रबंधक भी उपस्थित रहें उन्होने प्रतिभागियों को बताया की उन्हें गांव के लोगों को बैंक से जोड़ना है तथा सारी योजनाओं की जानकारी सभी वर्गों तक पहुंचानी है ताकि सभी योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में नाबार्ड भोपाल से मलय मेहर ने भी प्रतिभागियों को केसीसी व सरकार की अन्य कई योजनाओं की जानकारी प्रदान की। वहीं भारतीय स्टेट बैंक से एजीएम संदीप दुबे ने बैंकिंग एवं शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के विषय में जानकारी दी अरोह फाउंडेशन के हरियाणा व पंजाब के स्टेट हेड प्रदीप ने बैंकों की लाभकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए फ्रॉड व हैकिंग से बचाव के बारे में बताया इसके अतिरिक्त बैंक व पोस्ट ऑफिस की योजनाओं बचत खाते, लोन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की उन्होने सीएफएल के कार्यों का भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया। राजस्थान से स्टेट हेड व मास्टर ट्रेनर सत्येंद्र चौधरी ने डिजिटल बैंकिंग के विषय में बताते हुए उसमें बरती जाने वाली वाली सुविधाओं व सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की।एवं गुजरात से आए ललित जी ने शासकीय योजनाओं के विषय पर प्रकाश डाला इस। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सभी प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया गया ताकि वो सभी कार्य जमीनी स्तर पर पहुंच कर अच्छे से करें व समाज के सभी वर्गों को बैंक व पोस्ट ऑफिस की योजनाओं के प्रति जागरूक करे व समाज के सभी वर्गों को बैंक व पोस्ट ऑफिस की योजनाओं के प्रति जागरूक करे व उन्हें सभी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित कर सकें। ट्रेनिंग में आए सभी अतिथियों का मध्य प्रदेश स्टेट हेड हेमंत लडिया के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# जनसुनवाई में पहुंचे 63 आवेदन त्वरित निराकरण के निर्देश

### सीएम हेल्पलाइन में रोजाना काम करने की जरूरत



**मऊगंज।** जिला कलेक्टर मऊगंज लगातार जनसुनवाई में समस्याओं का त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए गए जनसुनवाई के दौरान 63 आवेदन प्राप्त हुए सबसे ज्यादा बिजली और राजस्व की शिकायत प्राप्त हुई संबंधित विभागों को कड़े लहजे में कलेक्टर ने निराकरण की बात कही शिकायत में आधार सुधार वृद्धा पेंशन जमीन उत्खनन फर्जी रजिस्ट्री बिजली शिक्षा पीएचई जैसे कई विभागों के शिकायती आवेदन पड़े कलेक्टर ने अघोषित बिजली कटौती पर एई कुंवर सिंह को फटकार लगाते हुए मेंटेनेंस और बिजली पूर्ति के लिए निर्देश दिए गए बिजली की अघोषित कटौती और राजस्व के मामले में खटखरी वा देवतालाब सर्किल में सबसे ज्यादा शिकायतें आने पर कलेक्टर ने अफसोस जताया बताया गया निराकरण न होने की स्थिति में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें बढ़ रही है जिस पर प्रतिदिन सभी अधिकारी दो से तीन शिकायतों का निराकरण करें ताकि सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग सामान्य हो जाए हैंडपंप उत्खनन के मामले में बिना देरी करते हुए स्थल निरीक्षण कर जल स्तर परीक्षण उपरांत उत्खनन के लिए तत्काल स्वीकृति प्रदान करें सीएमओ मऊगंज को टैंकरों के माध्यम से सभी वार्डों में पानी पहुंचाया जाए । अनुपस्थित महिला बाल विकास जिलाधिकारी प्रवेश मिश्रा और नईगढ़ी सीईओ को नोटिस दिया गया।

### गुटखा तंबाकू खाकर ना आए जनसुनवाई में

जनसुनवाई के दौरान कई लोग गुटखा तंबाकू का सेवन कर पहुंचे थे गुटखा तंबाकू खाकर शिकायत में पहुंचने वालों का नहीं लिया जाएगा आवेदन। यह देख कर भड़क गए कलेक्टर। कम से कम कार्यालय की मर्यादा का रखें ध्यान कर्मचारियों को निर्देशित किया गया ऐसे लोगों का न ले आवेदन निकोटीन जैसी चीजों के सेवन से बचें। मुंह रखे खाली ताकि बात हो सके।

### आवेदन लिखवाने की सुविधा

जनसुनवाई के दौरान ऐसे कई गरीब और दूर से आए शिकायत कर्ता के पास आवेदन न होने की दिशा में कलेक्टर ने कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा जिन आवेदकों के पास लिखित शिकायती आवेदन नहीं है या नहीं लिख पाते गरीब हैं उनके लिए आवेदन लिखने की सुविधा जनसुनवाई के दौरान उपलब्ध कराने कहा गया।